दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## होली के मद्देनजर आरपीएफ व जीआरपी अलर्ट, चलाया जागरुकता अभियान

**सिवान।** होली नजदीक आते ही नशाखुरानी गिरोह के सदस्य सक्रिय हो जाते हैं। यात्रियों को इस गिरोह से बचाने को लेकर जंक्शन पर गुरुवार को आरपीएफ व जीआरपी ने गुरुवार को जागरुकता अभियान को चलाया। इस दौरान यात्रियों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा द्वारा रमजान व होली त्योहार के मद्देनजर विशेष अभियान चला कर सिवान जंक्शन के प्लेटफार्म एवं ट्रेनों में जांच की गई। इस दौरान जंक्शन पर हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इसके लिए प्लेटफार्म पर अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई गई है। स्टाफ ट्रेन आने पर भी जांच कर रहे हैं। जंक्शन के सभी प्लेटफार्म पर टीम ने घूम घूम कर यात्रियों को जागरूक किया और अंजान व्यक्ति के संपर्क में नहीं आने की अपील करते हुए आरपीएफ और जीआरपी द्वारा जारी किए गए नंबर पर फोन करने की अपील की।

## एखलाक हुसैन की मौत मामले में घटनास्थल से पिस्टल व गोली बरामद

- एखलाक बिंदवल में एक युवती से एकतरफा करता था प्यार
- सीडीआर एवं वाहट्सएप चैट खंगालने पर तथ्य आया सामने

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र में बिंदवल स्थित नहर बांध पर बुधवार की सुबह बदमाशों ने नगर थाना के लक्ष्मीपुर निवासी साहेब हुसैन के पुत्र एखलाक हुसैन की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने घटनास्थल से बुधवार की देर शाम ही एक पिस्टल व एक गोली बरामद कर ली। मामले में हुसैनगंज थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजने के बाद खोजबीन के क्रम में नहर से एक गोली सहित पिस्टल बरामद हुआ है।संदेह के आधार पर एक युवती का मोबाइल कब्जे में लेकर सीडीआर एवं वाहट्सएप चैट खंगालने पर यह तथ्य सामने आया है कि मृत युवक एखलाक बिंदवल में एक युवती से एकतरफा प्यार करता था।फोन पर शादी करने का दवाब डालता था। जबकि दोनों की जाति भी अलग अलग है। एखलाक पर कई थानों में आपराधिक मामले भी अंकित हैं, शायद इसलिए लड़की अपने परिवार के इच्छा के विरुद्ध उससे शादी नहीं करना चाहती थी। युवक ने अपनी प्रेमिका के घर के सामने गोली मारकर आत्महत्या की। इसके अलावे भी पुलिस अन्य तथ्यों पर जांच कर रही है। मृतक के स्वजनों ने समाचार प्रेषण तक थाने में आवेदन नहीं दिया है।

## वकील अहमद बने बड़हरिया के उप प्रमुख

**बड़हरिया (सिवान)** प्रखंड के उप प्रमुख पद का चुनाव गुरुवार को सदर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ सुनील कुमार की उपस्थिति व जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार विवेकानंद की देखरेख में उपप्रमुख का चुनाव कराया गया। उप प्रमुख पद के लिए पूर्व उप प्रमुख रामकली देवी तथा कैलकढ़ उत्तरी पंचायत के वकील अहमद ने नामांकन किया। मतदान में 39 पंचायत समिति सदस्यों में 38 सदस्यों ने भाग लिया। इसमें वकील अहमद को 20 वोट तथा रामकली देवी को 18 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार वकील अहमद उप प्रमुख पद पर निर्वाचित किए गए। मतदान के दौरान नवलपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य शिव शंकर राम अनुपस्थित थे। वकील अहमद के उप प्रमुख पद पर निर्वाचित होने पर समर्थकों में खुशी का माहौल है।

## मारपीट मामले में अलग-अलग प्राथमिकी

**हसनपुरा (सिवान)** एमएच नगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बुधवार को हुई मारपीट मामले में थाने में अलग-अलग प्राथमिकी कराई गई है। जानकारी के अनुसार सेमरी निवासी एहसानुल हक खान की पत्नी आयशा खातून ने शेख साबिर सहित सात अज्ञात पर मारपीट की प्राथमिकी कराई कराया है जबकि दूसरे पक्ष के शेख मोहम्मद साबिर के पुत्र शेख मोहम्मद रिजवान खान ने सानुल खान, ईद मोहम्मद, मुस्कान खान, सोहैल खान व कैफ उर्फ मुर्शिद खान समेत सात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। वहीं चांद परसा निवासी दीपनारायण प्रसाद ने गांव के छह लोगों नंदकिशोर महतो, अमजद अंसारी, राम कुमार महतो, सनी महतो, बादशाह महतो व गणेश महतो के विरुद्ध मारपीट की प्राथमिकी कराई है वहीं टड़वा निवासी शशिभूषण पांडेय की पत्नी मधुबाला देवी ने गांव की एक महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट की प्राथमिकी कराई है।

## प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ने दिया योगदान

**बड़हरिया (सिवान)** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई- किसान भवन में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रवि शंकर सिन्हा ने गुरुवार को योगदान दिया। इस दौरान सहायक तकनीकी प्रबंधक सतीश सिंह ने उन्हें प्रभार सौंप दिया। इस मौके पर अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## शिविर में 60 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**हुसैनगंज (सिवान)** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को शिविर लगाकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजनांतर्गत क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंची 60 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. मनोज कुमार एवं स्वास्थ्य प्रबंधक एसरारुल हक की देखरेख में की गई। इस दौरान डा. अंजुम परवीन, डा. कन्हैया चौधरी, डा. कामेश्वर पांडेय द्वारा महिलाओं की बीपी, शुगर, सीबीसी, एचबीएसएजी, एचसीवी, एचआइवी, हीमोग्लोबिन एवं वजन की जांच कराने के बाद दवा, भोजन समेत अन्य परामर्श दिए गए। इस अवसर पर एलटी दीपक कुमार, सत्येंद्र पांडेय, डाटा आपरेटर प्रदुम्न कुमार, मुमताज अहमद, जीएनएम अंकिता सिंह, वंदना सिंह, एएनएम रूपा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## जल जमाव व सड़क अतिक्रमण से ग्रामीणों में आक्रोश

**बड़हरिया (सिवान)** प्रखंड के तिलसंडी 510 गांव में सड़क के अतिक्रमण होने तथा सड़क पर जल जमाव होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। इस समस्या के समाधान के लिए काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर रोष व्यक्त करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ लोगों द्वारा सड़क का अतिक्रमण करने तथा जल निकासी अवरुद्ध करने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। इससे राहगीर एवं बच्चों को आने-जाने में परेशानी होती है। बच्चे इसमें गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। ग्रामीणों ने समस्या के समाधान के लिए पदाधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही बीडीओ प्रणव कुमार गिरि, सीओ सरफराज अहमद, थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा पहुंच स्थिति का जायजा लिया तथा अतिक्रमणकारी एवं आक्रोशित लोगों ने बातचीत की। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि 24 मार्च को सड़क की मापी कराकर सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा। साथ ही अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सरपंच विनोद कुमार, राजू कुमार यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**ईडी का एक्शनः**

# दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल गिरफ्तार

### अरेस्ट होने वाले पहले सिटिंग सीएम इसी केस में मनीष सिसोदिया-संजय सिंह जेल में

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने दिल्ली शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। श्वष्ठ की टीम गुरुवार शाम 7 बजे केजरीवाल के घर 10वां समन और सर्च वारंट लेकर पहुंची थी।

जांच एजेंसी ने दो घंटे तक पूछताछ के बाद रात 9 बजे यह कार्रवाई की। इस मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया 13 महीने और क्क नेता संजय सिंह 6 महीने से जेल में हैं।

इस बीच दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के सीएम बने रहेंगे। जेल से सरकार चलाएंगे। इधर, केजरीवाल की लीगल टीम ने सुप्रीम कोर्ट में अपील कर फौरन सुनवाई की मांग की।

केजरीवाल गिरफ्तार होने वाले पहले सिटिंग सीएम हैं। इससे पहले झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन कोED ने गिरफ्तार किया था। सोरेन ने श्वष्ठ की हिरासत में राजभवन जाकर इस्तीफा दिया था।

**हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी से राहत देने से इनकार कर दिया :**इससे पहले गुरुवार को दोपहर 2.30 बजे हाईकोर्ट ने दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज कर दी।

केजरीवाल ने कोर्ट से ये भरोसा मांगा था






कि अगर वे पूछताछ के लिए ED जाते हैं तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाए। कोर्ट ने साफ किया कि केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होना होगा, उनकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं है।

इससे पहले ED ने केजरीवाल को 17 मार्च को 9वां समन भेजा था। केजरीवाल 19 मार्च को समन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे थे। उनकी याचिका पर 20 मार्च को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने बार-बार समन भेजने को लेकर ED को तलब किया।

शराब नीति केस में केजरीवाल को इस साल 27 फरवरी, 26 फरवरी, 22 फरवरी, 2 फरवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी और 2023 में 21 दिसंबर और 2 नवंबर को समन भेज गया था। हालांकि वे एक बार भी पूछताछ के लिए नहीं गए।

### अखिलेश का ट्वीट- भाजपा जानती है वो फिर सत्ता में नहीं आएगी

जो ख़ुद हैं शिकस्त के ख़ौफ़ में क़ैद
'वो' क्या करेंगे किसी और को क़ैद
भाजपा जानती है कि वो फिर दुबारा सत्ता में नहीं आनेवाली, इसी डर से वो चुनाव के समय, विपक्ष के नेताओं को किसी भी तरह से जनता से दूर करना चाहती है, गिरफ़्तारी तो बस बहाना है। ये गिरफ़्तारी एक नयी जन-क्रांति को जन्म देगी।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा- भाजपा विपक्ष को कमजोर कर रही

रोज़ जीत का झूठा दंभ भरने वाली अहंकारी भाजपा, विपक्ष को हर तरह से चुनाव के पहले ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से कमज़ोर करने की कोशिश कर रही है।

## लोकसभा चुनाव :आचार संहिता उल्लंघन के 4 मामले दर्ज

### दूसरे दिन सिर्फ 1 उम्मीदवार ने दाखिल किया नामांकन, मतदान कर्मियों को दिया जा रहा ट्रेनिंग

**पटना,एजेन्सी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। चुनावी भाषण और मीटिंग का दौर भी शुरू जारी है। इस बीच आचार संहिता उल्लंघन का मामला भी सामने आने लगा है। बिहार में गुरुवार को एक साथ चार एफआईआर दर्ज किए गए हैं।
मधेपुरा जिला में बिना परमिशन लाउड स्पीकर बजाने और औरंगाबाद में बिना परमिशन मीटिंग और भाषणबाजी के चलते केस दर्ज किया गया है। जबकि पूर्वी चंपारण में भी मीटिंग और भाषणबाजी को लेकर दो एफआईआर दर्ज किए गए हैं।
वहीं, नोटिफिकेशन जारी होने के दूसरे दिन गया सुरक्षित सीट से पहला नामांकन पत्र पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के अभ्यर्थी अरूण कुमार ने पर्चा दाखिल किया है। इसके अलावा पुलिस की सख्ती के चलते कुल 1 लाख 21 हजार रुपए कैश और 33 हजार 737 लीटर शराब जब्त की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत1 करोड़ 39 लाख 73 हजार 310 आंकी गई है।बता दें, कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जमुई, नवादा, औरंगाबाद और नवादा में वोटिंग होनी है। नामांकन पत्र दाखिल करने का दूसरा दिन था।

**बैंक खाते फ्रीज करने के खिलाफ कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंसः**

# राहुल बोले- आईटी एक्शन नियमों के खिलाफ
# भाजपा बोली- चुनावी हार के लिए बहाना खोज रहे

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के द्वारा अपने बैंक खाते फ्रीज करने के मामले में कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। सुप्रीम कोर्ट जाने से आधे घंटे पहले मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने पार्टी हेडक्वार्टर में 49 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

तीनों नेताओं ने एक सुर में कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले बैंक खातों को फ्रीज करवाकर केंद्र सरकार देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को कमजोर



और पंगु बनाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में फ्री और फेयर इलेक्शन की बात कैसे हो सकती है। इस पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा- कांग्रेस हार के डर से बहाने ढूंढ रही है।खड़गे ने कहा- लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है कि चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराए जाएं और सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर मिले। ED, IT और अन्य स्वतंत्र संस्थाओं पर किसी का नियंत्रण नहीं होना चाहिए।

## एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी डिटेल सुप्रीम कोर्ट को सौंपी

### SC को बताया- हर बॉन्ड का सीरियल नंबर भी दिया; डेडलाइन से डेढ़ घंटे पहले जानकारी दी

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने 21 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में बताया कि उसने चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी सौंप दी है। SBI ने कहा कि नई जानकारी में बॉन्ड्स के सीरियल नंबर भी शामिल हैं। पिछली बार इनकी जानकारी नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट ने SBI के चेयरमैन को फटकार लगाई थी। चुनाव आयोग ने भी नया डेटा अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। 18 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने SBI को आदेश दिया था कि 21 मार्च की शाम 5 बजे तक हर बॉन्ड का अल्फान्यूमेरिक नंबर और सीरियल नंबर, खरीद की तारीख और राशि सहित सभी जानकारियां दें। बैंक ने दोपहर 3.30 बजे ही कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर दिया।





## लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीओ और डीएसपी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** लोकसभा चुनाव स्वच्छ व शांतिपूर्ण सम्पन्न करानें को लेकर प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह और मशरक डीएसपी अमरनाथ ने मशरक थाना पुलिस की मौजूदगी में मशरक के महावीर चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष धनंजय राय मौजूद रहे। वाहन चेकिंग अभियान में अवैध हथियार, अवैध साम्रागी, वाहनों के कागजात, शराब, नकदी आदि के परिवहन के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान किया गया। मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत मशरक में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वाहनों के कागजात जांच में जुर्माना लगानें की प्रक्रिया की जाएंगी। मशरक डीएसपी अमरनाथ ने वाहन जांच के दौरान चेतावनी दी कि सड़कों पर किसी भी तरह के वाहन उतारने से पहले यातायात नियमों का पालन करें।

# आम का मंजर देख गदगद किसानों को बे मौसम बारिश ने किया मायूस

## आम के पेड़ में मंजर आने के बाद समय समय पर कीटनाशक दवाओं का करे छिड़काव

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मगंलवार को मौसम में अचानक बदलाव होने के कारण हुई बारिश व वुधवार एवं गुरुवार के हल्के हल्के बारिश व हवाओं के वजह से भय बना हुआ है कि आम के मंजर नुकसान न कर दे। आम के बागीचे में साफ-सफाई के साथ ही कीटाणु से बचने के लिए सही समय पर कीटनाशक या अन्य विधियों से निपटा जा रहा है। किसानो ने बताया कि आम में जाला कीट प्रारम्भिक अवस्था में पत्तियों की ऊपरी सतह को तेजी से खाता है। उसके बाद पत्तियों का जाला बनाकर उसके अन्दर छिप जाता है व पत्तियों को खाना जारी रखता है। रोकथाम का पहला उपाय एजाडिरेक्टिन नीम आधारित 2 मिली को प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव हो रहा है। आम के पेड़ मंजर दिए हुए हैं इधर 2 दिनों से बूंदा-बांदी हो रहे हैं इसके लिए घुलनशील सल्फर या कार्बेन्डाजिम का हेक्साकोनाजोल का छिड़काव जरूर करना चाहिए। दहिया कीट के नियंत्रण के लिए तैयार किए गए घोल में कोई स्टीकर जरूर मिलाएं। फल और मंजर को गिरने से बचाने के लिए दूसरे और तीसरे छिड़काव में कीटनाशक के तैयार घोल के साथ अल्फा नेप्थाईल एसिटीक एसिड 45 एसएल का चार मिली प्रति 10 लीटर पानी के साथ मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। दूसरे छिड़काव में 80 घुलनशील चूर्ण 30 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। ध्यान रहे कि किसी भी कीटनाशी या फफूंदनाशी का निर्धारित मात्रा में ही छिड़काव करें नहीं तो आम का मंजर जल सकता है। कृषि सलाहकार श्रवन कुमार,पंकज कुमार ने बताया कि मंजर में मटर के दाने के बराबर हो जाने पर कीटनाशक के साथ-साथ किसी फफूंदनाशी को मिलाकर छिड़काव किया जाता है। छिड़काव से मंजर को पाउडरी मिल्ड्यू और एन्थेकनोज रोग से सुरक्षित रखा जा सकता है। साथ ही इस घोल में अल्फा नेप्थाईल एसीटिक एसिड का मिलाया जाता है। इसे मिलाने से फल नहीं गिरते हैं और अच्छी पैदावार होती है। मंजर के बाद जब आम के पेड़ में टिकोरा लग जाए तब तीसरा छिड़काव करना चाहिए।

## कट्टा-गोली के साथ चार बदमाशों को नयागांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नयागांव पुलिस की मिली एक बड़ी कामयाबी जिन्होंने मोबाइल दुकान में हुई चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए मौके पर आर्म्स के साथ गिरफ्तार कर लिया। नयागांव थाना क्षेत्र के नयागांव बाजार में राहुल कम्युनिकेशन मोबाइल दुकान में 1 जनवरी 2024 को चोरो ने दुकान के दरवाजा तोड़कर दुकान में रखे दर्जनों मोबाईल,अन्य लाखों रुपये के समान सहित नगद 15 हजार रुपए चोरी कर घटना का अंजाम देखकर फरार हो गया था। जहां दुकानदार प्रेम श्रीवास्तव ने लिखित आवेदन थाना में दी थी। जहां थानाध्यक्ष ने मामले की तहकीकात करते हुए दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर



छापामारी कर 4 अभियुक्त को आर्म्स के अलावा अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि नयागांव बाजार स्थित एक मोबाइल की दुकान में चोरी की घटना के अंजाम दे कर फरार हुए अभियुक्त को फोर लाइन के जेके ईट भट्ठा के पास किसी घटना का अंजाम देने के लिए आधे दर्जन बदमाश वहां मौजूद था जहां उसे गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास एक देसी कट्टा, दो गोली, एक मोटरसाइकिल, चाकू ,कटर, तीन मोबाइल ,तीन चार्जर ,तीन एडेप्टर को जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के डुमरी बुजुर्ग के विजय तिवारी के पुत्र आदेश कुमार ,बबलू कुमार सिंह के पुत्र आर्यन कुमार ,तीसरा बब्बन कुमार सिंह के पुत्र नितिन कुमार जबकि चौथा वीरेंद्र कुमार राय के पुत्र चंदन कुमार रौजा पोखरा टाउन थाना छपरा के निवासी है। जबकि इस छापामारी में अन्य बदमाश मौके का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा।



## मशरक में पत्रकारों व बुद्धिजीवियों का सम्पन्न हुआ होली मिलन समारोह

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मशरक में जिले के पत्रकारों और बुद्धिजीवियों के जमात का होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। वुधवार को मशरक के रीषभ रेस्टोरेंट के सभागार में आयोजित होली मिलन सह सम्मान समारोह में प्रतिकूल मौसम के बाद भी पत्रकार और बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों का जुटान हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूफी संत डॉ जौहर शफियाबादी, प्रखंड प्रमुख रविप्रकाश मंटू, डॉ अवनिन्द्र शरण सिंह, डॉ लक्ष्मण प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मौके पर जिले के नामचीन बुद्धिजीवी, पत्रकार, कवि, समाजसेवी को फुलमाला पहनाकर अंगवस्त्र स्वरुप शॉल भेंट कर के सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुमंडल पत्रकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सूफी संत डॉक्टर जौहर शफियाबादी ने कहा कि सारण प्रमंडल समेत मशरक की गौरवशाली परंपरा को इस आयोजन ने गौरवांवित करने का कार्य किया है। उन्होंने इसके लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा रही है जिसमें होली का विशेष महत्व है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति में भोजपुरी धुन के नामचीन कालाकार शामिल हुए। पूर्व जिला पार्षद व लोक गायिका पुष्पा सिंह, हास्य व्यंग्य कलाकार सतेंद्र दूरदर्शी, हेमंत हरजाई, मनीष मशरखिया, मैनेजर मिश्र ने एक से बढकर एक पारंपरिक होली गीतों को प्रस्तुत कर लोगों को झूमने के लिए विवश कर दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी चन्द्रमा सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, समिति सदस्य डॉ.पीके परमार, योगेन्द्र प्रसाद, दुर्गेश कुमार गुप्ता, पत्रकार संतोष कुमार सिंह, रजनीश रंजन, अनिल कुमार शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, संत गोस्वामी, गुलाम जहिर, समेत जिले और प्रखंडों से आये पत्रकार, समाजसेवी व जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल थे।

## सालों से फरार शराब कारोबारी के यहां हुई कुर्की-जब्ती की कर्रवाई



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** सारण एडीशनल एसपी और मढ़ौरा एसडीपीओ नरेश पासवान के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने संयुक्त? रुप से शराब कारोबारी के घर की कुर्की जब्ती की। नगर क्षेत्र के पकहां हाई स्कूल के पीछे नट टोली में करीब तीन साल से शराब मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर की कुर्की जब्ती की गई। गुरुवार को अर्द्धसैनिक बल, पुलिस बल के साथ डोल- नगारा बजाते पुलिस पकहां हाई स्कूल के पीछे नट टोली में पहुंची। नट टोली निवासी पिंटु नट उर्फ मोटका के घर का कुर्की जब्ती किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शराब मामले में तीन साल से फरार अभियुक्त पिंटु नट की कुर्की जब्ती न्यायलय के निर्देश पर किया गया? है। इस दौरान दंडाधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी मौजुद थे।

**घंटों पुलिस ने चलाया शराब तलाशी अभियान :** इस दौरान पुलिस टीम ने घंटों नट टोली में शराब तलाशी अभियान को भी चलाया। पुलिस को तलाशी में कई स्थानों पर अर्धनिर्मित शराब बराबद हुए जिसे पुलिस बल के द्वारा नष्ट किया गया। बता दे कि नगर क्षेत्र का पकहां हाई स्कूल के पीछे नट टोली वर्षों से अवैध शराब बिक्री का एक प्रमुख जगह रहा है। यहां कच्चा स्पीरिट के साथ देसी शराब का निर्माण और बड़े पैमाने पर भंडारण की सूचना पर पुलिस के द्वारा प्रायः छापेमारी की जाती है। कई अवसरों पर पुलिस ने बड़ी मात्रा में शराब को बरामद भी किया है। यह बस्ती अत्यंत सघन है, इसका लाभ शराब कारोबारी उठाते है। पुलिस के पहुंचते ही शराब कारोबारी आसानी से फरार होने में सफल हो जाते है।



## विद्यालय मे कार्यरत रसोईयो सह सहायको का क्षमता प्रशिक्षण सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज/छपरा।** गरखा प्रखंड अंतर्गत संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय धनौरा मे कार्यरत रसोईया सह सहायको का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण मे मुख्य रूप से प्रखंड साधनसेवी मनोज कुमार सिंह मास्टर ट्रेनर शैलेश राम एवं अजय कुमार प्रसाद द्वारा विडिओ एवं मौखिक रूप से रसोईयो को आवश्यक जानकारी दी गई। रसोईयो को साफ-सफाई के साथ खाना बनाते समय सूती कपड़ो का प्रयोग करने पर बल दिया गया।भोजन की गुणवत्ता एव पौष्टिकता बरकरार रहे इस पर विशेष ध्यान देने की जानकारी रसोईयो को दी गई। रसोईयो सह सहायक को सभी बच्चो को एकसमान व्यवहार एव पकाया हुआ भोजन उपलब्ध कराने को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के उपरांत सभी रसोईयो को यात्रा भता के रूप मे 100 रूपय नगद राशि दिया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे संकुल संचालक जयकिशुन चौधरी पूर्व संकुल समन्वयक धर्मेंद्र सिंह, शिक्षक नेता राकेश कुमार सिंह, देवेश उपाध्याय, अरूण कुमार,सौरभ कुमार, शिवम कुमार, मृत्युंजय मांझी,धनुषधर सिंह मंजू देवी,रेखा देवी,सीता देवी,गुड्डी कुंवर शैलेश राम,विन्दु देवी,ममता देवी बेबी देवी के साथ संकुल के सभी रसोईयो ने प्रशिक्षण मे भाग लिया।

# 45वीं जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल में भाग लेने बिहार टीम मध्यप्रदेश रवाना

### बिहार टीम में सारण से दो खिलाड़ी शामिल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** 23 से 27 मार्च तक आयोजित 45वी जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने 18 सदस्यीय बिहार टीम विदिसा मध्यप्रदेश के लिए रवाना हुई। जिसमे दो खिलाड़ी सारण से शामिल है। सारण के मशरक प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक के राजा कुमार सिंह एवं अनिकेत यादव टीम के साथ रवाना हुए। बिहार टीम का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शेरपुर मनेर पटना के डिस्कवरी ऑफ लर्निंग स्कूल में बिहार हैंडबॉल संघ के तत्वाधान में पटना जिला हैंडबॉल द्वारा आयोजित हुआ। प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह पूर्वक हुआ जिसमें बिहार हैंडबॉल के अध्यक्ष पंकज कुमार, महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा, पटना जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रविरंजन, डिस्कवरी ऑफ लर्निंग स्कूल के निदेशक नीरज कुमार, जहानाबाद सचिव आलोक कुमार की उपस्थिति में जहानाबाद हैंडबॉल के संरक्षक निरंजन केशव प्रिंस ने बिहार टीम को जर्सी प्रदान किया। जिसके बाद सभी संघीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से 20 सदस्यीय बिहार बालक जूनियर हैंडबॉल टीम को राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग विदिसा मध्यप्रदेश के लिए रवाना किया। बिहार टीम में पटना से नीतीश कुमार, दीपक कुमार, नितेश कुमार, नितिश कुमार, इंद्रजीत कुमार, मनीष कुमार , नवादा से रौशन राज, रौशन कुमार, सचिन कुमार, जहानाबाद से अमन कुमार, आदित्य कुमार, रविशंकर, सारण से राजा कुमार, अनिकेत यादव, मुंगेर से मनोरंजन कुमार, शेखपुरा से सत्यम कुमार, भोजपुर से सुमित कुमार, बेगूसराय से सत्यम कुमार है। पटना के नीतीश कुमार टीम कैप्टन, टीम कोच संजीव कुमार एवं टीम मैनेजर चंदन कुमार बनाए गए है। बिहार टीम के बेहतर प्रदर्शन को लेकर बिहार हैंडबॉल संघ के चेयरमैन विधानपार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय, कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद, सारण जिला सचिव सह बिहार हैंडबॉल के संयुक्त सचिव संजय कुमार सिंह सहित बिहार हैंडबॉल एवम सारण जिला हैंडबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामना दी।



## आंधी तूफान के दौरान बिजली की करंट लगने से दो भैंस की हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/फलका(कटिहार)।** थाना क्षेत्र के रहटा पंचायत अंतर्गत हसेली गांव के वार्ड नंबर 8 में आंधी तूफान के दौरान दो भैंस को बिजली की करंट लग गई। करंट लगने से मौके पर ही दोनों भैंसों की मौत हो गई। घटना के बारे में पशुपालक सदानंद पासवान, साकिन हसेली वार्ड नंबर - 8 निवासी बताया कि आंधी तूफान के दौरान बिजली के करेंट से लगने से दो भैंस की मौत हो गई है। घटना की सूचना पाते ही मुखिया राजेश रंजन, सरपंच चंदन मंडल, जिला परिषद प्रतिनिधि मनोज मंडल घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर सरकार से उचित मुआवजे की मांग किया है।

## रुक-रुक कर हो रही बारिश सरसों की फसल को किया बर्बाद

**दैनिक खोज खबर/डंडखोरा(कटिहार)।** डंडखोरा क्षेत्र में लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश से जीवन व्यस्त व्यस्त। बे मौसम बारिश से किसानों को काफी ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई किसानों ने बताया कि इस समय सरसों की फसल की कटाई चल रही थी। सरसों की फसल खेतों में पड़ कर तैयार हो चुका था। इन दिनों काफी जगह सरसों की फसल का कटाई भी हो गया था। लेकिन अचानक बारिश के कारण सरसों की फसल पानी घुस गया और सरसों की फसल खराब होने की पूरी संभावना बताया है। कई किसानों ने तो बारिश होने से खुशी का भी इजहार किया है उन्होंने कहा कि यह बारिश मक्का फसल एवं धान फसल के लिए काफी फायदेमंद है। वहीं कुछ किसानों को सरसों कि फसलो में नुकसान भी उठाना पड़ा है।



## होली को लेकर एसडीओ ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** होलिका दहन, और होली पर्व को लेकर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ ने अनुमंडल के प्रमुख अधिकारी,जनप्रतिनिधि और आम लोगों के साथ एक बैठक की। एसडीओ डा प्रेरणा सिंह की अध्यक्षता में सभी अधिकारी से होलिका दहन और होली को लेकर विशेष सर्तकता बरतने को कहा गया है। एसडीओ ने पूर्व से विवादित रहे स्थानों की जानकारी ली। इन स्थानों पर शांति व्यावस्था के लिए विशेष इंतजाम रखने को कहा। इस दौरान जिलाधिकारी भी वीसी से जुड़कर स्थानीय लोगों से समस्या की जानकारी ली।बैठक में एसडीपीओ नरेश पासवान, डीसीएलार,? मनोहर कुमार साह, पीजीआरओ मोहम्मद गुलाम हुसैन सहित अन्य उपस्थित थे। एसडीओ ने चिन्हीत क्षेत्र में पुलिस गस्ती को तेज करने और किसी सुचना से मुख्यालय को तत्काल अवगत कराने का निर्देश दिया। कहा गया कि अनुमंडल की किसी भी स्थान पर विवाद या तनाव की स्थिति की जानकारी प्राप्त होती है तो प्रशासन त्वतित कार्रवाई करेगा।

## विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर 10 कंप्यूटर की चोरी

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय पचभिण्डा के कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर रात्री में अज्ञात चोरों ने 10 कंप्यूटर चोरी कर ली है, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जाती हैं। मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेन्द्र प्रसाद ने बताया की बुधवार की सुबह में जब वह विद्यालय पहुंचे तो देखे की कंप्यूटर कक्ष का ताला टूटा हुआ है। जब वे कक्ष के अंदर जाके देखे तो कम्प्यूटर कक्ष से दस कंप्यूटर, दस कीबोर्ड, माउस, केबल सहित अन्य उपकर गायब है। उन्होंने अंदेशा जताया कि रात्रि में किसी अज्ञात चोरों द्वारा कम्प्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर 10 कम्प्यूटर व अन्य उपकर की चोरी कर ली गई है। मामले में प्रधानाध्यापक ने तरैया थाने में एक शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

## पीजी सत्र 2022 – 24 के नामांकन से वंचित छात्रों को नामांकन के लिए मौका देने के लिए कुलपति को सौंपा स्मार पत्र

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** गुरुवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार बाजपेई को स्नातकोत्तर सत्र 2022 - 24 के चौथी सूची में शामिल नामांकन से वंचित छात्र- छात्राओं के नामांकन का अवसर देने के लिए स्मारक पत्र के माध्यम से अपील की। संगठन के पदाधिकारी अमित नयन ने कुलपति से मांग की कि खराब मौसम और भारी बारिश के कारण बहुत से छात्राओं का नामांकनअंतिम दिन यानी 20 मार्च 2024 बुधवार को नहीं हो पाया। चौथी सूची में शामिल इन छात्र-छात्राओं को नामांकन का अवसर प्रदान किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में अमित नयन, सद्दाम मजहरी, रमेश, रूपेश, आयशा आदि छात्र छात्रा शामिल थे।

## पत्नीहांता की इलाज के दौरान मौत, पत्नी व दो बेटियों की गला रेतकर की थी हत्या

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के अतरसन पंचायत के चपरैठी गांव स्थित बिनटोलवा में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करके खुद को चाकु मारकर घायल करने वाले पति की इलाज के दौरान मौत हो गयी।एक सप्ताह पूर्व पत्नी रंभा देबी,12 वर्षीय पुत्री चंचल कुमारी व तीन वर्षीय बेटी अंशिका कुमारी की हत्या कर मौत की नींद सुलाने के बाद बिट्टु बिंद ने खुद के भी पेट में चाकु घोंप लिया था,इसकी जानकारी होने के बाद ग्रामीणों ने इलाज के लिए आरोपित पति को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा में प्राथमिक उपचार कराने के बाद सदर अस्पताल छपरा में भर्ती कराया था जहाँ चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया परंतु दलाल एंबुलेंस चालक ने उसे पटना के मीठापुर स्थित स्वास्तिक नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया जहां पुलिस अभिरक्षा में हत्यारोपी बिट्टु बिंद का इलाज चल रहा था,जहाँ इलाज के दौरान बुधवार को बिट्टु बिंद ने दम तोड़ दिया।इधर बिट्टु बिंद की मौत से उसके परिजनों में मातम पसर गया है।एक साथ महज एक सप्ताह के अंतराल में घर परिवार में चार लोगों की मौत होने से परिजनों में हाहाकार मचा है वहीं गांव में भी मातम पसरा हुआ है।वहीं इस अनहोनी घटना को लेकर ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं भी की जा रही है।

## जबरदस्ती बाजार वसूली और दबंगों के अतिक्रमण के खिलाफ पूर्व बी डी सी ने जिलाधिकारी को दिया आवेदन

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र के खैरा गांव में स्थिति सरकारी सब्जी का बाजार वर्षो से डाक नहीं होने,जबरदस्ती सब्जी विक्रेताओं से वसूली करने तथा दबंगों द्वारा बाजार को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए खैरा भाग 2 के पूर्व बी डी सी दिलीप कुमार साह ने सारण जिलाधिकारी को आवेदन दिया है।अपने आवेदन में उन्होंने लिखा की खैरा में सरकारी पुरानी बाजार है, जिसका डाक कई वर्षों से नहीं हुआ है फिर भी पुराने ठेकेदार जबरदस्ती बाजार का वसूली करते है। बाजार का मरम्मती भी नहीं हुआ हो पा रहा है जिसके चलते वर्षा होने पर इसकी स्थिति खराब हो जाती । वर्षा के कारण इस बाजार को ठेकेदार खैरा में मढ़ौरा छपरा मुख्य पथ लगाकर जबरदस्ती वसूली करते है।

# सोनपुर में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को होली, रमजान ,लोकसभा चुनाव व भारतीय नागरिकता कानून के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक हुई। सोनपुर एसडीओ कुमार निशांत विवेक के अध्यक्षता में बैठक हुई ।जिसमें सोनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवल किशोर ,सोनपुर डीसीएलआर, अनुमंडल क्षेत्र के सोनपुर,दरियापुर,दिघवारा बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ, नगर कार्यपालक पदाधिकारी ,विधुत ,विभाग के एसडीओ ,अग्निशमन विभाग के कर्मी ,सभी थानाध्यक्ष सहित अनुमंडल क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बैठक हुई । एसडीओ एवं डीएसपी ने उपस्थित सभी अधिकारियों पुलिस पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों के साथ बारी-बारी से होली, रमजान ,लोकसभा चुनाव के लेकर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए सुझाव व विचार विमर्श किये और सभी को बातों को गंभीरता से सुनकर कई महत्वपूर्ण विन्दुओं पर निर्णय लिए और हर हाल में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए उपस्थित शांतिप्रिय नागरिकों से अपील की ।एसडीओ ने कहा कि होली में हुड़दंग न हो ,साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखें। ?होली के मौके पर डीजे,अश्लील गीत गाने या बजाने के लिए मना किया गया ।एसडीओ ने रमजान के लेकर विशेष ख्याल रखने होलिका दहन में हंगामा करने से परहेज करने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की । सोनपुर डीएसपी ने कहा कि होलिका दहन व होली के दिन पुलिस गस्ती करेगी साथ ही अग्निशमन विभाग के टीम पूरी मुस्तैदी के साथ तत्पर रहेंगे । जिससे किसी प्रकार की



अनहोनी होने पर उस पर तत्क्षण करवाई किया जा सके। सोनपुर डीएसपी ने कहा कि होली में किसी के घर पर किसी प्रकार की गंदगी फेंकने वाले या पर्व को विघ्न डालने वाले वैसे लोगों को चिन्हित कर जेल के सलाखों में भेजने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं। डीएसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र में फ्लैग मार्च एवं पुलिस गश्ती तेज करें जिससे अमन चैन बहाल हो सके। शराब कारोबारी पर नकेल कसने और लगातार छपमारी कर वैसे लोगों को गिरफ्तार कर जेल में भेजें। उपद्रवियों पर पूरी तरह से नकेल कसे । लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी गणमान्य लोगों से अपील की ।सोनपुर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को होली, रमजान, लोकसभा चुनाव व भारतीय नागरिकता कानून के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक हुई। सोनपुर एसडीओ कुमार निशांत विवेक के अध्यक्षता में बैठक हुई ।जिसमें सोनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवलकिशोर ,सोनपुर डीसीएलआर, सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र के सोनपुर, दरियापुर,दिघवारा बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ, नगर कार्यपालकपदाधिकारी , विधुत, विभाग के एसडीओ, अग्निशमन विभाग के कर्मी, सभी थानाध्यक्ष सहित अनुमंडल क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बैठक हुई। एसडीओ एवं डीएसपी ने उपस्थित सभी अधिकारियों पुलिस पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों के साथ बारी-बारी से होली, रमजान, लोकसभा चुनाव के लेकर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए सुझाव व विचार विमर्श किये और सभी को बातों को गंभीरता से सुनकर कई महत्वपूर्ण विन्दुओं पर निर्णय लिए और हर हाल में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए उपस्थित शांतिप्रिय नागरिकों से अपील की ।एसडीओ ने कहा कि होली में हुड़दंग न हो ,साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखें। ?होली के मौके पर डीजे,अश्लील गीत गाने या बजाने के लिए मना किया गया ।एसडीओ ने रमजान के लेकर विशेष ख्याल रखने होलिका दहन में हंगामा करने से परहेज करने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की । सोनपुर डीएसपी ने कहा कि होलिका दहन व होली के दिन पुलिस गस्ती करेगी साथ ही अग्निशमन विभाग के टीम पूरी मुस्तैदी के साथ तत्पर रहेंगे । जिससे किसी प्रकार की अनहोनी होने पर उस पर तत्क्षण करवाई किया जा सके। सोनपुर डीएसपी ने कहा कि होली में किसी के घर पर किसी प्रकार की गंदगी फेंकने वाले या पर्व को विघ्न डालने वाले वैसे लोगों को चिन्हित कर जेल के सलाखों में भेजने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं। डीएसपी ने सही पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र में फ्लैग मार्च एवं पुलिस गश्ती तेज करें जिससे अमन चैन बहाल हो सके। शराब कारोबारी पर नकेल कसने और लगातार छापेमारी कर वैसे लोगों को गिरफ्तार कर जेल में भेजें। उपद्रवियों पर पूरी तरह से नकेल कसे । लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी गणमान्य लोगों से अपील की ।

## तरैया में पोषण परामर्श मेला का हुआ आयोजन

### मतदान के लिए चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के नारायणपुर व चंचलिया पंचायत में गुरुवार को पोषण मेला व मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुपोषण को दूर भगाने के लिए लोगों को जागरुक किया गया। नारायणपुर के आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या-110 पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन महिला पर्यवेक्षिका माला कुमारी व चंचलिया के आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या-51 पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन महिला पर्यवेक्षिका शीला कुमारी ने किया। पोषण पखवाड़ा मेला सह मतदाता जागरूकता अभियान में गर्भवती एवं धातृ माताओं को पौष्टिक आहार लेने, हरी सब्जियां एवं फल खाने का परामर्श दिया गया। अन्नप्राशन व गोदभराई की गतिविधि कराई गई। मेले में आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा मोटे अनाज, मक्का, जौं, टगुनी, सावा, बाजरा, ज्वार से निर्मित व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही पोषण से संबंधित जानकारी देने के लिए भव्य प्रदर्शनी लगाई गई थी। मौके पर एलएस ने सभी सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। चुनाव में वोटरों को मतदान के लिए जागरूक करना आपकी जिम्मेदारी है। सभी सेविका अपने अपने पोषक क्षेत्र में वोटरों को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाएं। मौके पर एलएस माला कुमारी, शीला कुमारी, अर्चना कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका रीना देवी, शर्मिला देवी, सीमा देवी समेत नारायणपुर व चंचलिया पंचायत की सभी सेविका व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पुजारी की हत्या के बाद से कोई दूसरा पुजारी बनने को नहीं हो रहा तैयार

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** सोमवार की रात मांझी थाना क्षेत्र के मझनपुरा स्थित राम जानकी मंदिर के पुजारी शंकर दास की निर्मम हत्या के बाद से भगवान का भोग लगाने तथा विधिवत पूजा पाठ आदि अनुष्ठान ठप पड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि पुजारी की हत्या के बाद से उक्त मन्दिर पर दूसरा कोई पुजारी पूजा पाठ करने को तैयार नही है। स्थानीय लोग इस बात को लेकर बेहद दुःखी व चिन्तित हैं तथा अपने स्तर से गांव के लोग दीया बाती जलाकर सिर्फ रस्म अदायगी कर रहे हैं। तेरहवीं शताब्दी में स्थापित इस पौराणिक स्थल पर पहली बार ऐसा हो रहा है कि भगवान राम, लक्ष्मण, जानकी व हनुमान आदि देवता कथित तौर पर उपवास रह रहे हैं।आस्थावान श्रद्धालु इस जघन्य कांड को को लेकर बेहद मर्माहत हैं। श्रद्धालु भगवान से हत्यारों को दण्डित करने की गुहार लगा रहे हैं। मालूम हो कि बीते सोमवार की रात राम लक्ष्मण जानकी मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति चोरी के दौरान अपराधकर्मियों ने मंदिर के पुजारी शंकर दास की बेरहमी से हत्या कर दी थी। पुजारी की हत्या के दिन से ही अन्य मंदिरों के पुजारी सहित श्रद्धालु अपराधियों के भय से मन्दिर जाना लगभग बंद कर चुके हैं। पुजारी की हत्या के बाद उक्त मन्दिर वीरान सा हो गया है। मंदिर में देवी-देवताओं की विधिवत पूजा बंद होने से लोगों के मन में क्षोभ व्याप्त है।

## मारपीट में तीन महिलाओं समेत सात लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में तीन महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। घायलों में परसागढ़ बाजार गांव के श्रीकांत सोनी, त्रिलोकी सोनी, बेनौत गांव की सुशीला देवी, पुष्पा कुमारी, सपना कुमारी, देवपुरा गांव के रामजी गिरि समेत सात लोग शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।



## मशरक में बोलेरो में लदा 49 किलो गाजा बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर /मशरक (सारण)।** मशरक महम्मद्पुर एन-एच 227 ए राम जानकी पथ पर मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा में बालाजी हार्डवेयर के सामने सड़क पर क्षतिग्रस्त बोलेरो को पुलिस ने जप्त कर लिया वहीं जांच के दौरान बोलेरो में 49 किलो गाजा लदा पाया गया। मौके से चालक और गाजा कारोबारी फरार हो गए। मामले में सारण एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बोलेरो में 49 किलो गाजा लदा जप्त कर लिया गया। मामले में मशरक थाना में कांड संख्या 146/24 दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। वहीं फरार चालक और कारोबारी की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## होली मिलन समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मरहा पंचायत के पूर्व मुखिया परमहंस प्रसाद के संयोजकत्व में नटवर बीरबल गांव में गुरुवार को आयोजित होली मिलन समारोह में दर्जनों लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्रेम एवम सौहार्द्र के प्रतीक होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में पहुंचें सारण निकाय के पूर्व प्रत्यासी व राजद नेता सुधांशू रंजन ने अपने सम्बोधन में कहा कि आपसी बैर भाव भुलाकर एक दूसरे के गले मिलना तथा जाति धर्म एवम समुदाय से ऊपर उठकर जरूरत मन्द लोगों की मदद करना ही होली का मूल उद्देश्य है। मौके पर मौजूद लोगों को पूर्व मुखिया ने अबीर गुलाल लगाकर तथा अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर उप मुखिया कन्हैया राम,मासूक खान,भगवान राय, हरेन्द्र राय,बिनोद राय, जयपाल राय, बिनोद राय, लग्नदेव राय, प्रभुनाथ साह, दिलीप साह, बालेश्वर बीन, पवन बीन, मुकेश सिंह,मनोज गोंड, राहुल कुमार तथा नसीम अली आदि अनेक लोग मौजूद थे।

## आरपीएफ ने अभियान चलाकर अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले 22 लोगों को पकड़ा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सोनपुर के द्वारा दिव्यांग कोच एवं महिला बोगी को अनाधिकृत यात्रियों से मुक्त रखने के लिए अभियान चलाया । इस अभियान सहायक सुरक्षा आयुक्त/ सोनपुर/अजय कुमार के निर्देशन पर चलाया गया। इस बात की जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने बुधवार को बताया कि अनधिकृत रूप से यात्रा करते हुए कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान ग्वालियर -बरौनी एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच में अनधिकृत रूप से यात्रा करते 19 व्यक्ति पकड़े गए ।इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशन सोनपुर में अनधिकृत रूप से अकारण घूमते हुए 03 व्यक्ति को पकड़ा गया ।उपरोक्त सभी गिरफ्तार 22 व्यक्ति पूछताछ में कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए जिन्हें हिरासत में लेकर इन्हें रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाया गया। सभी गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इन सभी को अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय रेल को अग्रसारित कर दिया गया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सीएचसी मशरक में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में गर्भवती महिलाओं को विशेष जांच सेवा व उचित परामर्श प्रदान किया गया। जिसमे जच्चा-बच्चा के सुरक्षा के लिए गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व जांच पड़ताल की गई। मौके पर डॉ अनंतनारायण कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सीएचसी मशरक में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गयी। साथ ही उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को फल व पौष्टिक आहार का सेवन और सही समय पर चिकित्सक से उचित जांच पड़ताल की सलाह दी गयी। मौके पर आयुष डॉ कुसुम खातुन ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। उन्होंने जानकारी देते बताया कि अत्यधिक रक्तस्त्राव से महिला की जान जाने की संभावना सबसे अधिक होती है। प्रसव पूर्व जांच में यदि खून की कमी होती है तब ऐसी महिलाओं को आयरन की गोली के साथ पोषक पदार्थों के सेवन के विषय में सलाह दी गई।

## गंगाजल में आंगनबाड़ी केंद्र पर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के गंगाजल पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र नंबर 98 पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसमें मतदान के मधुर गीत हिंदी और भोजपुरी में उपस्थित ग्रामीण एवं मतदाताओं को सुनाया गया एवं मतदान से संबंधित वीडियो भी दिखाया गया सीडीपीओ स्वेता सिंह ने मत के अधिकार व निष्पक्ष भयमुक्त मतदान करने के लिए लोगो को प्रेरित करने को कहा । इस कार्यक्रम से मतदाताओं में काफी उत्साह दिखा।गाँव के महिलाएं, युवा पीढ़ी जिनका वोटर लिस्ट में नाम है वे भयमुक्त वातावरण में मतदान जरूर करें और अपने कीमती वोट जरूर मतदान केंद्र पर पहुँच कर जाति ,धर्म से ऊपर उठकर अच्छे प्रतिनिधि को चुने जिससे आपका क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो । किसी के लालच,दबाब ,बहकावे में नही आये और अपना मत ,अपना अधिकार को समझ कर मतदान जरूर करें ।इस दौरान आंगनबाड़ी सेविका,



सहायिका समेत बड़ी संख्या में महिलाओं व बेटियों ने शत- प्रतिशत मतदान करने व कराने का संकल्प लिया औरो को मतदान के प्रति जागरूक करने का भरोसा दिलाया वहीं मतदान से सम्बंधित नारे लगाए गए। सीडीपीओ स्वेता सिंह ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक कर आगामी चुनाव में शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेषकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।इस अवसर पर अविनाश कुणाल महिला पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी केंद्र की बहुत सी सेविकाएं, सहायिकाएं व ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।

## ज्ञान के संधान में भाषा की भूमिका होती है बहुत बड़ी : कुलपति



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** गुरुवार को जे पी यू के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई लंगट सिंह महाविद्यालय मुजफ्फरपुर में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास,नई दिल्ली भारतीय भाषा मंच ,नई दिल्ली एवं भारतीय भाषा मंच ,नई दिल्ली( शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार )के संयुक्त तत्वावधान में हुए भारतीय भाषा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिए।प्रोफेसर दिनेश चन्द्र राय ने आचार्य जे बी कृप्लानी सभागार,लंगट सिंह महाविद्यालय में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस अवसर पर डॉक्टर राजेश्वर कुमार ,राष्ट्रीय संयोजक भारतीय शिक्षा मंच,उत्थान न्यास एवं प्रोफेसर राजीव कुमार निवेदक की भूमिका में रहे।इस अवसर पर जे पी यू के कुलपति की पत्नी भी उपस्थित थीं।भारतीय भाषा सम्मेलन-बिहार 2024 के दौरान लंगट सिंह महाविद्यालय में जे पी यू के कुलपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान के संधान में भाषा की बहुत बड़ी भूमिका होती है।हमारी ज्ञान परंपरा बहुत विकसित है।हमें किसी अन्य के नकल की आवश्यकता नहीं है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार घायल, सभी सीएचसी में भर्ती

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के डुमरसन और बंगरा में सड़क दुर्घटना में 4 घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। डुमरसन में बाइक की टक्कर में मशरक थाना क्षेत्र के फरदहिया गांव निवासी कुरैशा खातुन, सिरसा जलालपुर गांव निवासी दिलीप राम और पानापुर थाना क्षेत्र के बेलौर गांव निवासी पवन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर अकबर अली ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया उन्होंने बताया कि बाइक सवार दोनों युवक मशरक की तरफ से बेलौर जा रहे थे कि डुमरसन में सड़क पार कर रहीं महिला से टक्कर हो गई। वहीं बंगरा गांव में बाइक दुर्घटना में बाबू के छपिया गांव निवासी सुमेश रावत को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

## आशा कार्यकर्ताओं को दी गई सर्वेक्षण की जानकारी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं व बच्चों के सर्वेक्षण कार्य को लेकर आशा दिवस पर आशा कार्यकर्ताओं की बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक आयोजित की गई। बैठक के दौरान तमाम आशा कार्यकर्ताओं को अश्विनी पोर्टल पर कार्य निर्धारित प्रपत्र में करने का निर्देश दिया गया। बीएमसी कुमुद रंजन ने बताया की आशा कार्यकर्ता पंचायतों में जाकर सर्वे कर बच्चों और गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बताया कि सभी आशा कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करें और जांच के लिए प्रत्येक महीने के 9 और 21 तारीख को सीएचसी परिसर में लाएं और गर्भवती महिलाओं का प्रसव के लिए सरकारी एम्बुलेंस से सीएचसी में ही लाएं।



## सक्षमता परीक्षा : बिहार बोर्ड ने राग भैरव को भैरवी करार दिया

**देवेंद्र कुमार सिंह/दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** ऑनलाइन सक्षमता परीक्षा में पूछे गये प्रश्नों के तथा कथित उतरों पर स्कूलों में चर्चा जारी है।इस संबंध में हिन्दुस्तान अखबार में राजकीय स्तर पर प्रमुखता से छपी खबर का भी लोग हवाला दे रहे हैं।सक्षमता परीक्षा दे चुके हर परीक्षार्थी गुरू जी बोर्ड द्वारा दिये गये कई प्रश्नों के गलत उतर से कहीं न कहीं प्रभावित दिखे।इन गलत उतरों को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को बताया कि कैसे कैसे प्रश्नोतर बोर्ड ने तैयार किये हैं जिसका उतर एक आम पढ़ा लिखा व साधारण जानकारी रखने वाला भी जानता है।मसलन बिहार में 38 जिले की जगह 41 जिला को सही बताया गया है।हालांकि कहीं कहीं किसी के लिए सही भी बताया गया है।सबसे अधिक चर्चा एक संगीतकार गुरूजी से पूछे गये प्रश्न के बोर्ड द्वारा गलत उतर देने सोशल मीडिया पर हो रही है।जाने माने तबलावादक व संगीत शिक्षक अजय पांडेय ने सोशल मिडिया पेज पर एक सवाल का जवाब लोगों से पूछा है कि क्या वो गलत जवाब दिये हैं या बोर्ड गलत जवाब दे रहा है।सवाल था कि कौन से राग में कोमल रे व ध का प्रयोग होता है।लाजिमी है संगीत का एक प्राथमिक जानकार भी इसका उतर जानता है कि भैरव होगा।इसी तरह कहरवा ताल की ताली एक की जगह पांच बताया है बोर्ड ने।परीक्षार्थी भी यही उतर लिखा पर बोर्ड ने इसका उतर भैरवी बताया।अब इसे सिद्ध करने के लिए गुरूजी को नियमानुसार पचास रूपये देने पड़ेंगे।

## दो फरार आरोपित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** लोकसभा चुनाव भयमुक्त श शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से एकमा थाने की पुलिस ने थानाध्यक्ष उदय कुमार के नेतृत्व में रीठ गांव में छापेमारी कर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति एक्ट के दो फरार आरोपितों कृषणा महतो व गुड्डू महतो पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि एकमा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपितों से आवश्यक पूछताछ करने के बाद उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की है।

# महायज्ञ से पर्यावरण की शुद्धि होती है : डॉ शैलेश तिवारी

**दैनिक खोज खबर/पंचदेवरी (गोपालगंज)।** यज्ञ एक श्रेष्ठ कर्म है और इसे हर एक मनुष्य को करना चाहिए। यज्ञ से मस्तिष्क को शक्ति मिलती है और पर्यावरण की शुद्धि भी होती है। इतना ही नहीं यज्ञ करने से आसपास के क्षेत्र में फैला हानिकारक गैस आदि का नाश होता है। उक्त बातें पंचदेवरी प्रखंड के भाठवां श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में चल रहे श्री गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ के अंतिम दिन यज्ञाचार्य डॉ. शैलेश तिवारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि आज प्रदुषण इतना अधिक फैल रहा है कि जिसका निराकरण विज्ञान के पास भी नहीं है। कहा कि हवनीय यज्ञ ही प्रदुषण पर विजय प्राप्त करने का सबल उपाय है। यज्ञ से ही मानव का कल्याण होता है। साथ ही यज्ञ से वर्षा तथा वर्षा से अन्न की उपज और अन से सारी जीवों का भरण पोषण होता है। इस लिए मानव जीवन काल मे यज्ञ का होना अति आवश्यक है। गुरुवार को 11वें दिन हवन, पुर्णाहुति, भंडारा व कलश का विसर्जन किया गया। इस दौरान 51 सौ कन्याओं को एक साथ बैठकर भंडारा कराया गया। वहीं आसपास के दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीण भी भंडारा में शामिल हुए। मौके पर संत शिरोमणि बाबा विशंभर दास जी महाराज, अर्धेन्दु बाबू, सर्वेश्वर दास, यज्ञाचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी, पूर्व मुखिया उपेन्द्र मिश्र, यज्ञ के ब्रम्हा चन्द्रशेखर द्विवेदी, यजमान धनंजय मिश्र, निराला बाबा, दीपक त्यागी, संतोष दुबे, सभाजीत पाण्डेय, प्रदीप सिंह, बुलट मुखिया, मुकेश दास, श्रीराम मिश्र, वशिष्ठ पाण्डेय, रवि रंजन श्रीवास्तव आदि थे।



## फसल नष्ट करने को लेकर मारपीट, चार घायल

**सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के उसरी गांव में एक परिवार की चार महिलाओं को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायलों में अंजलि कुमारी, चंदा देवी, काजल कुमारी और मंजू देवी शामिल हैं। घटना के संबंध में अंजली ने बताया कि हमलोगों के खेत में गोभी की फसल लगी हुई है। फसल को गांव के ही कुछ लोगों ने नष्ट कर दिया। जब हमलोग पूछताछ करने गए तो उनलोगों ने हमलोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। यही नहीं घर का दरवाजा भी तोड़ दिया गया। मारपीट के दौरान गले से मंगल सूत्र और अन्य जेवरात लेकर फरार हो गए।

## तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार युवक को मारा धक्का, एक की मौत, दूसरा घायल

**सिवान।** आंदर थाना क्षेत्र के फिरोजपुर मुख्य मार्ग पर गुरुवार की देर शाम तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार को धक्का मार दिया। इसमें बाइक चालक की मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक को मृत और घायल को पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान हसनपुरा थाना क्षेत्र के तेलकथु गांव निवासी जोगिंदर यादव का 22 वर्षीय पुत्र राकेश यादव के रूप में हुई है। जबकि घायल उसी गांव का मोतीलाल यादव का पुत्र बलिंदर यादव है। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार दोनों दोस्त रजनपुरा रिश्तेदार के यहां गए थे। जहां लौटने के दौरान फिरोजपुर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार स्कार्पियो ने धक्का मार दिया और चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। इस घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन अस्पताल पहुंचे जहां उनका रो रो कर बुरा हाल था। बता दें कि मृत राकेश के बड़े भाई की दो माह पहले बीमारी के कारण मौत हो गई थी, अब राकेश की मौत के बाद घर का चिराग समाप्त हो गया। वहीं राकेश के पिता कोलकाता में काम करते हैं।

## उत्पाद विभाग ने शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**सिवान।** उत्पाद विभाग टीम ने जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के गौर गांव में छापेमारी कर एक शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। उत्पाद अधीक्षक अभिनाश प्रकाश ने बताया कि होली को देखते हुए जिले में विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसमें चंवर और झाड़ीनुमा स्थानों पर ड्रोन की मदद से शराब की छापेमारी की जा रही है। गुरुवार को गौर गांव में ड्रोन के माध्यम से छापेमारी की गई। इसमें दस हजार लीटर जावा और चार हजार लीटर शराब नष्ट किया गया। वहीं दूसरी तरफ गुठनी थाना क्षेत्र के श्रीकलपुर चेक पर उत्पाद विभाग द्वारा 85 ड्रम मेथेनाल बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

## दो वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**आंदर (सिवान)** स्थानीय थाना की टीम ने बुधवार की शाम तिवारी के बढ़ेया गांव में छापेमारी कर मारपीट मामले के दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों वारंटियों में तिवारी के बढ़ेया निवासी उमेश पासवान व उमा पासवान के रूप में हुई है। दोनों को जेल भेज दिया गया।

## दो बाइक व शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार

**गुठनी (सिवान)** थाना की टीम ने बुधवार की शाम अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर दो बाइक से दो बाइक व 40 लीटर शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तीनों तस्करों के पास से दो बाइक व 30 लीटर अंग्रेजी एवं 10 लीटर देसी शराब बरामद की गई है।

## वज्रपात से पशु की मौत

**गुठनी(सिवान)** थाना क्षेत्र के चीताखाल बुधवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित चीताखाल निवासी कृष्णा तिवारी ने बताया कि बुधवार को गाय को चारा खिला रहा था तभी आकाशी बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई।

## संगोष्ठी व सम्मेलन कल

**सिवान।** डा. राम मनोहर लोहिया के जन्मदिन पर साई ट्रामा हास्पिटल में 23 मार्च को सारण प्रमंडल के बुद्धिजीवियों एवं प्रमंडलीय बुद्धिजीवियों एकता मंच के सदस्यों का सम्मेलन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए बुद्धिजीवी एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक काशीनाथ सिंह ने बताया कि इस मौके पर डा. राम मनोहर लोहिया की जीवनी, मार्क्स गांधी और समाजवाद तथा वर्तमान राजनीति और राजनीतिज्ञ पर चर्चा की जाएगी।

## मोबाइल चोरी के विवाद में हुई मारपीट मामले में दोनों पक्ष ने कराई प्राथमिकी

**बसंतपुर (सिवान)** थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा गांव में बुधवार को मोबाइल चोरी के विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हो गई थी। इसमें घटना में दो युवक घायल हो गए थे। इस मामले में दोनों पक्ष ने थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रथम पक्ष की राधेश्याम राय की पत्नी सुमन देवी ने थाना में आवेदन देकर अनिल राय, देवेंद्र राय, नंदू राय सहित नौ लोगों पर दरवाजे पर पहुंच गाली गलौज करने, मारपीट करने, बाइक में आग लगाने तथा गले से मंगलसूत्र छीन लेने का आरोप लगाया है, वहीं दूसरे पक्ष के अनिल कुमार ने गांव के ही पप्पू कुमार अरुण कुमार समेत तीन नामजद एवं चार अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। उसने आरोप लगाया है कि मैं घर में सोया था तभी पप्पू कुमार एवं अरुण कुमार मेरा कमरा खोल कर मोबाइल और पांच हजार रुपये चुरा लिए। जब दोपहर उन लोगों से पूछताछ कर रहा था तभी वे लोग चाकू व तलवार से मुझ पर हमला कर घायल कर दिए।

## बीडीओ ने बीएलओ को दिए कई निर्देश

**महाराजगंज (सिवान)** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी सभागार में बुधवार को बीडीओ डा. रवि रंजन ने बीएलओ के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीडीओ ने सभी बीएलओ से कहा कि वे अपने-अपने मतदान केंद्र पर 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का सर्वे कराकर सूची उपलब्ध कराएं। सभी केंद्रों पर चुनाव आयोग के निर्देश का पालन करना है। उन्होंने कहा कि कोई बीएलओ के खिलाफ शिकायत मिली तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# दोहरे हत्याकांड से जुड़े चील्हमरवा गोलीकांड मामले में बहस समाप्त

- माले के दो वर्तमान विधायक भी हैं नामजद
- 30 मार्च को दोषी या दोषमुक्त कर सकती है अदालत

**परवेज़ अख्तर /सिवान।** बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड से जुड़े चील्हमरवा गोली कांड के मामले में गुरुवार को अपर जिला न्यायाधीश तृतीय ( सह एमपी एमएलए) नरेंद्र कुमार की अदालत में चल रही सुनवाई पर विराम लग गया और अभियोजन एवं बचाव पक्ष की ओर से बहस की प्रक्रिया समाप्त हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से बहस समाप्त होने के पश्चात सूचक की ओर से वरीय अधिवक्ता सुभाष्कर पांडेय एवं राजेश कुमार सिंह की बहस चल रही थी जो गुरुवार को समाप्त हो गई। अदालत ने मामले में बहस समाप्त होने के पश्चात 30 मार्च की तिथि में कौन से अभियुक्त दोषी एवं कौन से अभियुक्त दोष मुक्त होंगे इस संबंध में निर्णय सुना सकती है। बताया जाता है कि गुठनी थाना अंतर्गत चील्हमरवा गांव में पांच जुलाई 2013 को माले कार्यकर्ताओं ने भूस्वामी की जमीन पर झंडा लगा दिया तथा पूर्व से चले आ रहे हैं भू स्वामी के जमीन पर दखल कब्जा की नीयत से पलानी भी रख दिया गया।



इसे लेकर दिनों पक्ष में तनाव था तथा इसी निमित्त बिसवार गांव निवासी घनश्याम मिश्रा के नाती संतोष कुमार के दरवाजे पर पंचायती हेतु क्षेत्र के कुछ लोग पहुंचे थे, जहां अचानक गोलीबारी की घटना हुई और बेलउर गांव निवासी अमर सिंह के पुत्र रामनारायण सिंह तथा सोहागरा निवासी मुकेश सिंह की गोली लगने से मृत्यु हो गई तथा बिसवार गांव निवासी घनश्याम मिश्र जख्मी हो गए। इस मामले में सूचक अमर सिंह के बयान पर तत्कालीन माले के विधायक सत्यदेव राम तथा सक्रिय कार्यकर्ता अमरजीत कुशवाहा सहित 10 व्यक्तियों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था तथा अन्य 10 से 15 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। वर्तमान में अमरजीत कुशवाहा जीरादेई विधानसभा क्षेत्र से माले के विधायक हैं। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से गवाही दी गई है, ऐसी स्थिति में यह कयास लगाया जा रहा है कि न्यायालय इसमें कुछ बड़ी फैसला कर सकती है। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से रघुवर सिंह ने बहस किया तथा बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार तिवारी तथा उनके साथ पटना से आए अधिवक्ताओं ने बहस की है।

## मतदाता जागरुकता को ले छात्र- छात्राओं ने निकाली रैली

**आंदर (सिवान)** प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से आरंभ होकर पोषक क्षेत्र भूसी टोला तक निकाली गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने दर्जनों स्लोगन के माध्यम से आम लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, वोट हमारा अधिकार है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, चाहे नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेदारी, लोकतंत्र में हिस्सेदारी हम सबकी जिम्मेदारी, लोकतंत्र का सम्मान करेंगे निर्भय होकर मतदान करेंगें, न जाति पर न धर्म पर वोट मिलेगा कर्म पर, आओ मिलकर अलख जगाएं सब मिलकर मतदान कराएं आदि लिखे स्लोगन के साथ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर शिक्षक धर्मवीर सिंह, मनोज सिंह, रंजू देवी, पुष्पा देवी, प्रीति कुमारी समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थे।

# गुड़िया दारौंदा की व बच्ची देवी बनी महाराजगंज प्रखंड प्रमुख

**महाराजगंज (सिवान)।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गोरेयाकोठी प्रखंड के उप प्रमुख तथा दारौंदा व महाराजगंज प्रखंड के प्रमुख एवं उपपमुख का चुनाव कराया गया। एसडीओ अनिल कुमार ने बताया कि चुनाव के पहले सत्र में गोरेयाकोठी प्रखंड के उप प्रमुख पद के लिए चुनाव की प्रकिया में मत विभाजन कराया गया। इसमें सरारी उत्तर पंचायत के क्षेत्र संख्या 12 के पंचायत समिति सदस्य मृत्युंजय कुमार उप प्रमुख चुने गए। चुनाव प्रक्रिया के दूसरे सत्र में दारौंदा प्रखंड के प्रमुख व उप प्रमुख का चुनाव कराया गया। इसमें प्रखंड प्रमुख पद पर हड़सर पंचायत की पंचायत समिति सदस्य गुड़िया सिंह तथा उप प्रमुख पद पर रामगढ़ा पंचायत पंचायत समिति सदस्य हरेश यादव निर्विरोध घोषित किए गए। एसडीओ ने बताया कि दारौंदा प्रखंड के 24 पंचायत समिति सदस्यों में 17 सदस्यों ने चुनाव में भाग लिया। उन्होंने बताया कि चुनाव के तीसरे सत्र में महाराजगंज प्रखंड के लिए प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख के चुनाव को ले मत विभाजन कराया गया। इसमें 15 पंचायत समिति सदस्यों ने चुनाव में भाग लिया। इसमें बलिया पंचायत की पंचायत समिति सदस्य बच्ची देवी प्रखंड प्रमुख पद पर निर्विरोध निर्वाचित की गई जबकि उप प्रमुख के लिए हुए मतदान में तक्कीपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य योगेंद्र राय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रीता देवी को 12 मत से पराजित किया। योगेंद्र राय को 12 तथा रीता देवी को तीन मत मिले। इस मौके पर केके सिंह, उमेश कुमार सिंह, धर्मेंद्र यादव, मंटू तिवारी, पंचायत समिति सदस्य अनुराधा सिंह, मनोज कुमार कुशवाहा, मनीष सिंह, राकेश कुमार सिंह, सूरज गुप्ता, संतोष यादव, श्यामबली प्रसाद, नीरज सिंह, भगमनी देवी, उषा देवी, मंजय मांझी व विनय गिरि आदि उपस्थित थे।

### सास हैं मुखिया बहू बनी दारौंदा की प्रखंड प्रमुख :

दारौंदा प्रखंड की नव निर्वाचित प्रखंड प्रमुख गुड़िया सिंह की सास मीरा देवी रमसापुर पंचायत की मुखिया हैं। 2021 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मीरा देवी रमासपुर पंचायत की मुखिया व गुड़िया सिंह हड़सर पंचायत के क्षेत्र संख्या छह से पंचायत समिति सदस्य चुनी गई थीं। गुड़िया सिंह के परिवार में राजनीतिक माहौल है। स्नातक पास गुड़िया देवी के पति उमेश कुमार सिंह दारौंदा से विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमा चुके हैं।

## शांति समिति की बैठक में आपसी सौहार्द के साथ मनाएं होली मनाने का निर्देश

**सिवान ।** जिले के असांव एवं जामो थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। होली को आपसी भाइचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की सलाह दी गई। पदाधिकारियों ने कहा कि होली आपसी प्रेम व भाइचारे का त्योहार है। इसे आप सभी भेदभाव भूलकर कर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। पदाधिकारियों ने कहा कि अश्लील गाना बजाने वाले तथा शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। हुड़दंगियों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। इस दौरान बैठक में शामिल गणमान्य लोगों ने भी होली को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए प्रशासन को सहयोग करने का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार आंदर प्रखंड के असांव थाना में बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रवि कुमार ने दी। बैठक में महासागर सिंह, राधेश्याम दुबे, साधू पांडेय, पूर्व मुखिया काशी चौधरी, दिलीप चौहान, दिलीप सिंह, मुखिया सतीशचंद्र गुप्ता, सरवर अंसारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। वहीं गोरेयाकोठी प्रखंड के जामो थाना परिसर में बैठक की अध्यक्षता सीओ कृष्ण कुमार सौरभ और जामो बाजार थाना अवर निरीक्षक अभिनंदन यादव ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार, राजा कुशवाहा, अशोक कुमार चौधरी, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

भगवानपुर हाट थाना परिसर में अपर थानाध्यक्ष रमाशंकर साह की अध्यक्षता में होली को ले शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली त्योहार को आपसी भाइचारे के बीच शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही अश्लील गाना एवं डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने तथा शरारती तत्वों पर नजर रखने की बात कही गई। बैठक में प्रखंड प्रमुख हरेंद्र पासवान, शिव शंकर प्रसाद, विनोद कुमार, सांसद प्रतिनिधि अवधेश कुमार पांडेय, विभाकर पांडेय, राजन कुमार पटेल, समीउल्लाह अंसारी, हीरालाल मांझी आदि उपस्थित थे।

## भक्तों के हर समस्या के समाधान हैं भगवान ~ आचार्य प्रशांत

**गुठनी (सिवान)** प्रखंड के चीताखाल में चल रहे रुद्र महायज्ञ के छठे दिन बुधवार की शाम कथावाचक आचार्य प्रशांत महाराज ने गोवर्धन पूजा व रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुना श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि भक्तों के सभी समस्याओं का समाधान भगवान के पास ही होता है। जब भक्त भाव से ईश्वर को पुकारते हैं तो भगवान तत्काल भक्त के समस्या को दूर करते हैं। उन्होंने कहा कि जब इंद्र ने ब्रजवासियों से नाराज होकर लगातार वर्षा करना शुरू कर दिए तो भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को ही अपनी उंगली पर उठा कर ब्रजवासियों की इंद्र के कोप से रक्षा की। इस दौरान उन्होंने कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। इस मौके पर वृष केतु नाथ तिवारी, विद्याभूषण नाथ तिवारी, सौरव नाथ तिवारी, विवेकानंद नाथ तिवारी, रवि बर्णवाल, कृष्णमोहन नाथ तिवारी, राजेश बर्णवाल समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सेमीफाइनल में सिवान ने मुजफ्फरपुर को और गोरखपुर ने लखनऊ को हराया

**मैरवा (सिवान)।** मैरवाधाम स्थित पीटीईसी खेल मैदान में गुरुवार को पल्सर कप अंतरराष्ट्रीय प्रांतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-1 का दो सेमीफाइनल मैच खेला गया। इसमें सिवान और गोरखपुर की टीम जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर गई। सामाजिक न्याय युवा संगठन के द्वारा आयोजित पल्सर कप क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल लखनऊ बनाम गोरखपुर टीम बीच खेला गया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल सिवान बनाम मुजफ्फरपुर के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि डा. मनोज कुमार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। खेले गए पहले सेमीफाइनल में लखनऊ और गोरखपुर के बीच टास के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने 147 रन बनाकर आलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर की टीम ने तीन विकेट से मैच जीत ली। दूसरे सेमीफाइनल मैच सिवान और मुजफ्फरपुर के बीच खेला गया। उसमें सिवान की टीम ने पांच विकेट से अपने प्रतिद्वंदी टीम मुजफ्फरपुर को पराजित कर दिया। मैन आफ द मैच का पुरस्कार सैफ और कमलेश को दिया गया। इस मौके पर नागेंद्र सिंह, अनंत सिंह, अनुभव श्रीवास्तव, प्रमोद सिंह, मार्कंडेय दुबे, रिंकू पांडेय समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मुखिया व ग्रामीणों के बीच हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्ष ने कराई प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान) ~** प्रखंड के महम्मदपुर पंचायत के मुखिया व ग्रामीणों के बीच मुख्यमंत्री आवास योजना को लेकर 19 मार्च को हुई मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने गुरुवार को दुबारा प्राथमिकी कराई है। एक पक्ष से मुखिया वर्मा साह की मां प्रभावती देवी के आवेदन पर क्यूम अंसारी, रिजवान अहमद, राजा अली, सबरा खातून, जंदतारा खातून, हसबुन खातून, समसिता खातून और जैदा खातून को आरोपित किया गया है। प्रभावती देवी ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक गरीब परिवार को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास का लाभ दिया गया है, जिसका निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके बाद लाभुक महिला के साथ सभी आरोपित लोग मारपीट कर रहे थे। मारपीट की सूचना मिलने पर मेरा मुखिया पुत्र गया और उनलोगों से झगड़ा करने से मना किया, तो सभी लोग मिलकर मेरे पुत्र के साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए। इस दौरान मेरा पुत्र वहां से जान बचाकर भागा। वहीं दूसरे पक्ष के रिजवान अहमद ने मुखिया वर्मा साह व महिला नाजिया खातून के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। उसने आरोप लगाया है कि 19 मार्च को मंगलवार को गुड्डू साईं की पत्नी नाजिया खातून मेरे दरवाजे पर आकर पथराव करने लगी, जिससे डरकर वे लोग घर में चले गए। इसके बाद महिला थाना पहुंच कर सभी को झूठे मुकदमा में फंसाने की बात कहने लगी। प्रखंड मुख्यालय के पास पहुंच मुखिया ने मेरे छोटे पिता अब्दुल क्यूम अहमद के सर पर राड से हमला कर दिया, जिससे वे घायल होकर गिर गए। इसके बाद मौके से मुखिया फरार हो गए। इससे पहले 21 मार्च को भी मुखिया वर्मा साह सहित अन्य 10 लोगों के खिलाफ अब्दुल क्यूम अहमद के आवेदन पर मारपीट करने की प्राथमिकी कराई गई है। इस मामले में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि दोनों पक्ष से मिले आवेदन पर प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हसनपुरा की बेटी ने भागलपुर में डीएसपी के पद पर किया योगदान

**हसनपुरा (सिवान)** प्रखंड मुख्यालय निवासी दिवंगत बीईओ सुदर्शन राम की पुत्री रीता कुमारी ने एक साल राजगीर में प्रशिक्षण लेने के बाद बुधवार को अपना पहला योगदान भागलपुर में किया है। इसके पहले डीजीपी आरएस भट्टी ने योगदान के पूर्व बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही रीता के बड़े भाई कन्हैया कुमार से बहन को डीएसपी पद पर योगदान करने पर उनका अनुभव जाना। कहा कि आपकी बहन डीएसपी बनी है तो आपको कैसा लग रहा है। भाई ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मेहनत के बल पर बहन डीएसपी बनी है जो बहुत ही खुशी की बात है। इस दौरान भाई कन्हैया ने अपनी बहन डीएसपी का सितारा सजाते हुए सैल्यूट किया। गौरतलब हो कि बीते साल हसनपुरा निवासी दिवंगत बीईओ सुदर्शन राम की पुत्री रीता कुमारी ने 66 वीं बीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर 682 रैंक लाकर डीएसपी बनी थी। जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया था। वहीं रीता के प्रथम योगदान पर उनके परिवार में काफी हर्ष का माहौल है। रीता कुमारी को भागलपुर में योगदान करने पर स्वजन एवं ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

## मारपीट मामले में दोनों पक्ष ने कराई प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान)** थाना क्षेत्र के सिरसांव मठियां गांव में 16 मार्च को दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इस मामले में दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इस मामले में कुल 16 लोगों को नामजद किया गया है। एक पक्ष के धर्मेंद्र साह की पत्नी अनीता देवी के आवेदन पर गोपाल यादव, नागेंद्र यादव, रंजय यादव, विक्की यादव, नीतीश यादव एवं तीन अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। वहीं दूसरे पक्ष के गोपाल यादव के आवेदन पर आशनारायण साह, उपेंद्र साह, धर्मेंद्र साह, रामदयाल साह, विकेंद्र साह उर्फ गोलू कुमार, सन्नी कुमार, कन्हैया साह एवं राजवंशी साह के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है।

# लोकसभा चुनाव: दरौली विधानसभा के करीब 330 बूथों पर बीडीओ और सीओ कर रहे हैं भौतिक सत्यापन

**दरौली विस क्षेत्र के तीन ब्लॉक क्षेत्र में 1 लाख 69 हजार 653 पुरुष और 1 लाख 55 हजार, 850 महिला मतदाता**

**कन्हैया पटवा/दैनिक खोज खबर/गुठनी (सीवान)।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया हैं। जिसके बाद अब राजनीतिक दलों की सक्रियता धीरे-धीरे बढ़ रही है। जबकि मतदाताओं की भी रुचि अब धीरे-धीरे हो रही है। मतदाता उम्मीदवारों का टिकट पक्का हो सका, अथवा होगा उसकी चर्चा में सभी मतदाता बढ़-चढ़कर भागीदारी ले रहे हैं। अपने पसंद के एलायंस के उम्मीदवारों को जीताने का मन बना चुके मतदाताओं में अभी भी होड़ लग गई है कि उनके उम्मीदवार भारी मतों से विजई होगा। सिवान लोकसभा सीट के दरौली विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अपनी भागीदारी निभाएंगे। दरौली विधानसभा में कुल 3 लाख 25 हजार 513 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**वोट परसेंटेज बढ़ाने के लिए चल रहा जागरूकता अभियान**लोकसभा चुनाव को लेकर तीनो ब्लॉक में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिनमे साईकिल रैली, बूथों पर जानकारी, अधिकारियो द्वारा लोगो से संपर्क करना, सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार शामिल हैं। हालांकि छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में भले ही समय बचा है। लेकिन गुठनी, दरौली, आंदर ब्लॉक में बीडीओ द्वारा चुनाव तैयारिया शुरू कर दी गई है।

**03 ब्लॉक में 323 बूथों पर होगा मतदान :** लोकसभा चुनाव में दरौली विधानसभा में पढ़ने वाले तीन ब्लाक के मतदाता 323 बूथ पर मतदान करेंगे। इनमें गुठनी ब्लॉक में 103, दरौली ब्लॉक में 130 और अंदर में 90 बूथ बनाए गए हैं। दरौली बीडीओ अभिषेक चंदन ने बताया कि दरौली बूथों का भौतिक सत्यापन कर दिया गया है, और इसकी रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भेज दी गई है। जबकि गुठनी बीडीओ संजय कुमार ने बताया कि सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण करने की बात उनकी सूची भी तैयार कर ली गई है।

### पच्चीस बूथों बनेंगे ड्राप गेट और मजिस्ट्रेट की होगी तैनाती:

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन लगातार बैठक कर जानकारी हासिल कर रहे हैं। वही सीमावर्ती इलाकों में पड़ने वाले बूथों पर भी विशेष नजर रखे हुए हैं। जिनमे सड़क मार्ग से जुड़े सीमावर्ती बूथ शामिल हैं। जिसमे सोहगरा, श्रीकरपुर, डरैला, बाजिदही, पाण्डेय गुंडी, ताली बुजुर्ग, ग्यासपुर, मैरिटार, शामिल हैं। वही नदी मार्ग से जुड़े हुए बूथों में सोहगरा घाट, सोनहुला घाट, श्रीकरपुर घाट, धर्मपुर घाट, मेहरौना घाट, लक्ष्मीपुर घाट, गोहरुआ घाट, गुठनी घाट, योगियाडीह घाट, तिरबलुआ घाट, ग्यासपुर घाट शामिल है।